
मतगणना कार्य में प्रतिनियुक्त अधिकारियों, पर्यवेक्षकों व कर्मियों को मिला प्रशिक्षण



मुजफ्फरपुर। निर्वाची पदाधिकारी, तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-सह-आयुक्त, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर गिरिवर दयाल सिंह के निर्देश पर बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वि-वार्षिक निर्वाचन, 2026 के तहत 27 अक्टूबर को एमआईटी के प्रशासनिक भवन में होने वाली मतगणना को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु मतगणना कार्य में प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों यथा मतगणना पर्यवेक्षकों तथा मतगणना सहायकों के लिए आज एवी हॉल, एमआईटी, मुजफ्फरपुर में प्रमंडल-स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें चारों जिलों सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर एवं वैशाली जिला के करीब 100 मतगणना पर्यवेक्षकों तथा मतगणना सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर श्री सत्यप्रिय कुमार द्वारा आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न प्रावधानों एवं विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अवर निर्वाचन पदाधिकारियों श्री राजू कुमार एवं सृष्टि प्रिया के साथ मास्टर ट्रेनर एवं अन्य पदाधिकारियों ने अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया के बारे में विधिवत जानकारी दी। सहायक निर्वाची पदाधिकारियों, मतगणना पर्यवेक्षकों एवं मतगणना सहायकों को उनके विविध दायित्वों यथा मतगणना टेबल पर अपनायी जाने वाली प्रक्रिया, प्रारंभिक गणना, विस्तृत गणना, डाटा एंट्री इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों, विधियों, प्रावधानों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार मतगणना कार्य संचालित करने के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

डेढ़ साल से फरार शराब कारोबारी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। सदर थाना क्षेत्र के श्रमजीवी नगर में विदेशी शराब बरामदगी के मामले में डेढ़ साल से फरार शराब कारोबारी सुनील कुमार उर्फ घोपु को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। आरोपित सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र के धरमपुर जाफर निवासी सुनील कुमार उर्फ घोपु सदर थाना क्षेत्र के श्रमजीवी नगर स्थित मेहता फील्ड के पास सतीश कुमार द्विवेदी के मकान में किराये पर रह कर चोरी-छिपे शराब का धंधा कर रहा था ।13 अप्रैल 2025 को सदर थाना पुलिस ने मकान पर छापेमारी की। पुलिस को देखकर आरोपित अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।इसके बाद पुलिस ने उसके किराये के कमरे की तलाशी ली। इस दौरान कुल 56.7 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई थी। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपित के विरुद्ध मद्य निषेध कानून के तहत कार्रवाई शुरू की थी। तब से वह फरार चल रहा था। रविवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

२१ वर्षीय युवक का शव पटियाला से पहुंचा गांव, मचा कोहराम



साहेबगंज (आसासे)। प्रखंड के हलीमपुर पंचायत के वार्ड 11 निवासी प्रमोद कुमार महतो के 21 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार का शव पंजाब के पटियाला से रविवार को गांव पहुंचा ।दरवाजे पर अभिषेक का शव पहुंचते ही परिजनों के रोने और चीत्कार से कोहराम मच गया ।ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई ।मृतक अभिषेक के बड़े भाई अनीश कुमार ने बताया कि करीब तीन चार माह पूर्व उसका भाई अभिषेक ,पंजाब के पटियाला के सामान्य गांव में प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करने गया था ।वह अभी अविवाहित था ।विगत 23 अक्टूबर शुक्रवार की शाम वहां से खबर मिली कि उसके भाई अभिषेक के करंट लगने और छत से गिरने से हो गई है। फिर थोड़ी देर बाद खबर आई कि छत पर खेलने के क्रम में पानी टंकी से गिरने से उसकी मौत हो गई ।फिर खबर मिली कि हार्ट अटैक से उसकी मृत्यु हुई है। भाई अनीश कुमार ने बताया कि उसके भाई की मृत्यु ड्यूटी के क्रम में हुई है ।मौत का कारण बार बार बदलने से मामला संदिग्ध लग रहा है ।दो भाई और दो बहन के बीच सिर्फ अभिषेक ही कुंवारा था । मुखिया शंभू गुप्ता ने बताया कि पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक अभिषेक का शव गांव आया है ।बिजली का करंट लगने से उसकी मौत हुई है ।डाक्टरों ने इसकी पुष्टि की है ।मृतक का दाह संस्कार परिजनों ने कर दिया ।मुखिया ने कबीर अंत्येष्टि के तहत पीड़ित परिवार को तीन हजार रुपया दिया। वहीं दूसरी ओर साहेबगंज प्रखंड के सरैया पंचायत अंतर्गत बल्थी नरहर, वार्ड संख्या-05 निवासी स्व जितेंद्र पटेल के पैतृक आवास पर पहुँचकर साहेबगंज विधायक डा राजू कुमार सिंह ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की।और उन्हें ढाढ़स बंधाया । जानकारी हो कि जितेंद्र पटेल जी की असम में काम करने के दौरान 15 अक्टूबर को असामयिक मृत्यु हो गई थी।इस दुखद घटना से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। इस कठिन समय में परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी एवं आर्थिक सहायता प्रदान की।

अंतर प्रमंडल वॉलीबॉल बालिका विद्यालय खेल प्रतियोगिता में तिरहुत प्रमंडल की टीम बनी विजेता

मुजफ्फरपुर । जमुई में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल वॉलीबॉल बालिका विद्यालय खेल प्रतियोगिता में तिरहुत प्रमंडल वॉलीबॉल बालिका अंडर 14 वर्ग की टीम ने फाइनल मुकाबले में कोसी प्रमंडल की टीम को सीधे सेटों में 25-11,25-17 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।इसकी जानकारी देते हुए उपनिदेशक शारीरिक शिक्षा सह जिला खेल पदाधिकारी राजेंद्र



कुमार ने बताया कि तिरहुत प्रमंडल की टीम ने बिना कोई मैच गंवाए मुंगेर प्रमंडल, पूर्णिया प्रमंडल,मगध प्रमंडल एवं सारण प्रमंडल को पराजित कर अपने पूल में प्रथम स्थान पर रही । वहीं सेमीफाइनल मुकाबला दरभंगा प्रमंडल से खेला गया बहुत ही रोचक एवं संघर्षपूर्ण मुकाबले में तिरहुत प्रमंडल की टीम दरभंगा प्रमंडल को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मुकाबले में माही शर्मा, रिद्धि कुमारी, समाहि,नीतू कुमारी,सौम्या सहाय,महिमा कुमारी ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने टीम के लिए कई अंक जुटाते हुए टीम को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई।

डीएम ने छठ महापर्व के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को किया निर्देशित

सभी एसडीओ एवं एसडीपीओ तथा सीओ, बीडीओ एवं थानाध्यक्ष नियमित तौर पर घाटों का संयुक्त निरीक्षण करेंगे

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने छठ महापर्व के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्णतः दुर्घटना-रहित एवं हर तरह से प्रशासनिक सुविधा-युक्त छठ महापर्व के आयोजन हेतु सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र सजग एवं तत्पर रहे। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप घाटों की त्रुटिहीन तैयारी करें। जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निकाय, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य, जल संसाधन, विद्युत, भवन निर्माण, पथ निर्माण, पुल निर्माण, अग्निशमन सहित सभी संबंधित विभागों के जिला में पदस्थापित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए तत्परता एवं कुशलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया गया है।

विदित हो कि इस वर्ष छठ महापर्व 13 नवंबर से 16 नवंबर तक मनाया जाएगा। 13 नवंबर को नहाय-खाय से पर्व का अनुष्ठान होगा। 14 नवंबर को खरना; 15 नवंबर को संध्या अर्घ्य एवं 16 नवंबर को प्रातः अर्घ्य का आयोजन होगा। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थानाध्यक्षों एवं अन्य को दिए गये निदेश में ज़िलाधिकारी ने कहा है कि छठ का त्योहार लोक आस्था का महापर्व है। बाहर रहने वाले बिहार के निवासी भी बड़ी संख्या में अपने घर आते हैं। श्रद्धालुओं एवं छठव्रतियों की सुविधा के लिए सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र सक्रिय एवं प्रतिबद्ध रहे। छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को हर प्रशासनिक सुविधा सुनिश्चित कराना जिला प्रशासन का दायित्व है। श्रद्धालुओं एवं छठव्रतियों की सुरक्षा तथा सुविधा के लिए सभी पदाधिकारी प्रभावी कॉम्युनिकेशन प्लान के साथ मुस्तैद रहेंगे। छठ महापर्व के अवसर पर उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुदृढ़ सुरक्षा-व्यवस्था एवं सुचारू यातायात-प्रबंधन के लिए सभी पदाधिकारी सजग, सक्रिय एवं तत्पर रहेंगे।

ज़िलाधिकारी द्वारा छठ महापर्व के अवसर पर सम्यक तैयारी हेतु घाटों का निरीक्षण, खतरनाक घाटों की पहचान एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। ज़िलाधिकारी ने छठ घाटों की तैयारी, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, घाटों पर आवश्यकता के अनुसार नियंत्रण कक्ष एवं वाच टावर की स्थापना, आपदा प्रबंधन, चिकित्सा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन, शौचालय, चापाकल एवं यूरिनल की व्यवस्था, विधि-व्यवस्था संधारण सहित विभिन्न बिन्दुओं पर आवश्यक निर्देश दिया है।


जिलाधिकारी ने कहा कि इस साल नदियों के जलस्तर में काफ़ी वृद्धि हुई थी। नया उच्चतम जल-स्तर दर्ज किया गया था। इसको देखते हुए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को नियमित तौर पर घाटों का संयुक्त निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को भी घाटों का संयुक्त निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाटों की भौगोलिक स्थिति तथा जल-स्तर में परिवर्तन की प्रवृत्ति के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्थानीय निवासियों से भी सुझाव लें।

ज़िलाधिकारी ने पथ निर्माण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंताओं तथा एनएचएआई के परियोजना निदेशकों को निदेश दिया कि सभी सड़कों को मोटरेबुल, सुचारु एवं सुगम रखना सुनिश्चित करें। यदि कहीं मरम्मती की आवश्यकता हो तो समय से इसे पूरा करें। छठ पूजा से चार दिन पहले सभी स्थानों पर सड़क बेहतर स्थिति में होनी चाहिए। ज़िलाधिकारी ने कहा कि छठ महापर्व के सफल आयोजन के लिए प्रशासनिक तैयारियों का अनुश्रवण करने हेतु त्रि-सदस्यीय छठ पर्व कोषांग क्रियाशील रहेगा। उप विकास आयुक्त इस कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी तथा अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन एवं अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था इसके नोडल पदाधिकारी रहेंगे।

जिला शतरंज के सिरमौर बने प्रणीत सिंहा

मुजफ्फरपुर। जिला शतरंज संघ के कार्यालय में आयोजित सीनियर जिला शतरंज प्रतियोगिता में नॉर्थ पॉइंट चिल्ड्रेन स्कूल के प्रनीत सिन्हा ने साढ़े चार (4.5) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और चैंपियन बने। अंको की समानता के बावजूद वैभव कुमार मिश्रा को उपविजेता ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा।

अन्य खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष दस में अपनी जगह बनाई। प्रतियोगिता के शीर्ष दस खिलाड़ी इस प्रकार रहे : प्रनीत सिन्हा — प्रथम



स्थान (4.5 अंक), वैभव कुमार मिश्रा — द्वितीय स्थान (4.5 अंक), युवान रमन — तृतीय स्थान (4.0 अंक), शुभम संजीव — चौथा स्थान (4.0 अंक), सिद्धार्थ सांडिल — पांचवां स्थान (4.0 अंक), दिव्यांश राज — छठा स्थान (4.0 अंक), आदित्य गुप्ता — सातवां स्थान (4.0 अंक), अभिराज कुमार अरुणव — आठवां स्थान (3.5 अंक), नितिन मुरारका — नौवां स्थान (3.5 अंक), ऐसानी सावर्ण — दसवां स्थान (3.0 अंक), पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि आरडीएस कॉलेज के स्पोर्ट्स डायरेक्टर रविशंकर कुमार तथा सुमित कुमार, राजीव चंद दत्ता और सौरव आनंद ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए शतरंज के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन आयोजन सचिव आभास कुमार ने किया।

कफन का भी अच्छा कारोबार हो रहा है...

मासिक कवि गोष्ठी सह मुशायरा का आयोजन

मुजफ्फरपुर। श्री नवयुवक समिति ट्रस्ट,छोटी सरैयागंज,मुजफ्फरपुर के सभागार में रविवार को नटवर साहित्य परिषद् के तत्वावधान में मासिक कवि गोष्ठी सह मुशायरा का आयोजन किया गया। कवि गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि अंजनी कुमार पाठक ने की।

कवि गोष्ठी का शुभारंभ आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री के गीत से हुआ जिसका सस्वर पाठ वरिष्ठ कवि अंजनी कुमार पाठक ने किया।

कवि गोष्ठी के संयोजक डॉक्टर नर्मदेश्वर चौधरी की रचना शहर में आकर वो गांव ढूंढता है,अपने आंगन में वो छाँव से ढूंढता है,कवि ओम प्रकाश गुप्ता की रचना आँसू की बुनियाद पर इमारत बन रही है,कफ़न का भी अच्छा कारोबार हो रहा है कवि गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे कवि अंजनी कुमार पाठक की रचना जब तक है जीवन,सुख दुख है रहना,कवि राजीवेंद्र किशोर की रचना नारी,श्रद्धा की प्रतिमा है..,कवि अरुण कुमार तुलसी की रचना अल्प ज्ञान बनता महान,सरिता न होते कभी सागर समान..,कवि मोहन कुमार सिंह की रचना कोई दिल में उतर जाता है,कोई दिल से उतर जाता है...,बाल कवियत्री रिद्धि मोहन की रचना भारत हमारा जान से प्यारा है बाल कवियत्री सिद्धि मोहन की रचना मौसम है प्रकृति के निराले, कवि पंडित विट्ठल रानदेव की रचना माया में भटका मनुष.....हास्य कवि अचानक ईश्वर की रचना डायमंड बन गया था,अब गोल्ड हो गया कवियित्री मुन्नी चौधरी की रचना जीवन की अंतिम घड़ियों में,कौन मुझे अब हँसा सकेगा एवं सतीश चंद्र पटेल की कश्मीर आतंकवाद और राष्ट्रीय ओज पर केंद्रित रचना ने श्रोताओं की भरपूर तालियां बटोरी।

दहेज को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट

मुजफ्फरपुर। सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही मोहल्ले में दहेज में 20 लाख रुपये की मांग को लेकर विवाहिता बबली कुमारी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति प्रभात कुमार समेत ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने,पहले से शादीशुदा होने के बाबजूद दूसरी शादी करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उसने सदर थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

नकली खाद बनाने के मामले में दो गिरफ्तार, 208 बोरी अवैध खाद बरामद

मुजफ्फरपुर। बरियारपुर थानान्तर्गत ग्राम सुन्दरपुर गांव में रविवार को अवैध खाद निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री करने संबंधी गुप्त सूचना के आलोक में वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण के अनुश्रवण एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पूर्वी-2 के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इस टीम में जिला आसूचना इकाई एवं थानाध्यक्ष, बरियारपुर को भी शामिल किया गया। इसी क्रम में गठित टीम द्वारा सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर छापेमारी कर अभियुक्त अंजन कुमार और गीता देवी, दोनों थाना-बरियारपुर, जिला-मुजफ्फरपुर को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त 208 बोड़ी अवैध खाद एवं खाद बनाने वाली सामग्री बरामद की गई है तथा परिवहन में प्रयुक्त होने वाले 2 पिकअप वाहनों को जप्त किया गया है। इस संदर्भ में बरियारपुर थाना कांड संख्या-161/26 दर्ज किया गया है।

मुजफ्फरपुर से होगा 'खेत बचाओ अभियान ' का शुभारंभ

'खेतों के संरक्षण से किसान कल्याण तक', राज्यभर में चलेगा 'खेत बचाओ अभियान' ● खेत बचेंगे, तभी किसान समृद्ध बनेंगे : कृषि मंत्री

मुजफ्फरपुर। खेतों के संरक्षण, किसानों की जागरूकता और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग, बिहार सरकार द्वारा 'खेत बचाओ अभियान 2026 सह कृषि जन कल्याण संवाद कार्यक्रम' का शुभारंभ मुजफ्फरपुर से किया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा करेंगे। इस पहल का उद्देश्य किसानों को खेतों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना, कृषि से जुड़ी समस्याओं पर संवाद स्थापित करना तथा किसानों की सक्रिय भागीदारी से खेतों के संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देना है।



इस अभियान का शुभारंभ 26 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर से किया जाएगा। कृषि विभाग से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में राज्यभर में वासंतिक (रबी) महाभियान 2026 के अंतर्गत 'खेत बचाओ अभियान-सह-कृषि जन कल्याण संवाद' का आयोजन 26 अक्टूबर से 30 नवंबर तक किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों, सरकारी योजनाओं एवं कृषि संबंधी महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

कृषि मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्राकृतिक खेती, समेकित कीट प्रबंधन, दलहन एवं तिलहन फसलों को बढ़ावा देने, बीज वितरण, फसल विविधीकरण, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, फार्मर आईडी, डिजिटल एग्रीकल्चर, उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल संरक्षण, उद्यानिकी फसलों तथा कृषि यंत्रीकरण जैसे विषयों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य किसानों को जागरूक एवं सशक्त बनाना, कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करना तथा खेतों के संरक्षण के प्रति जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को एक ही स्थान पर कृषि की आधुनिक तकनीकों, विभिन्न विभागीय योजनाओं, वित्तीय सहायता, विपणन सुविधाओं एवं नवाचारों की जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी।

श्री सिन्हा ने कहा कि खेतों का संरक्षण कृषि विभाग, किसानों और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। खेतों की उर्वरता बनाए रखना, मिट्टी एवं जल का संरक्षण करना और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों से 'खेत बचाओ अभियान 2026' में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा खेतों के संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसानों की जागरूकता, वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों और जनसहयोग से कृषि को अधिक टिकाऊ, लाभकारी एवं समृद्ध बनाया जा सकता है, जिससे बिहार के किसानों की खुशहाली सुनिश्चित हो सकेगी।

सम्पूर्ण क्रांति मोर्चा की बैठक में 21 नवंबर के प्रस्तावित प्रतिरोध मार्च को सफल बनाने का आह्वान

मुजफ्फरपुर ।सम्पूर्ण क्रांति मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को प्रह्लादपुर गांव में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रियदर्शिनी शाही ने की। बैठक में सम्पूर्ण क्रांति के विचारों, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा आगामी 21 नवंबर को प्रस्तावित सम्पूर्ण क्रांति प्रतिरोध मार्च की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने प्रतिरोध मार्च को लेकर जनसंपर्क बढ़ाने, लोगों को कार्यक्रम की जानकारी देने तथा अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर आम जनता से अपील की गई कि वे 21 नवंबर को प्रस्तावित प्रतिरोध मार्च में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मुख्य वक्ता डॉ. विजयेश कुमार ने सम्पूर्ण क्रांति के उद्देश्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रस्तावित प्रतिरोध मार्च में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लोगों से एकजुट होकर आगे आने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि सुखदेव ओझा ने भी प्रतिरोध मार्च की तैयारियों और संगठनात्मक एकजुटता पर विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रियदर्शिनी शाही ने कार्यक्रम को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने तथा अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में ,मोहम्मद फिरोज आलम,प्रमोद झा, सुरेश प्रसाद शाही,मणि भूषण शर्मा,मनोरंजन कुमार आदि शामिल हुए।

जमीन के नाम पर 39 लाख की ठगी और चेक बाउंस मामले में आरोपित सुशील कुमार उर्फ साधु गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर ।जमीन के नाम पर पूर्व सैनिक कृष्णनंदन झा से 39 लाख रुपये लेने और जमीन नहीं देने के मामले में आरोपित सुशील कुमार उर्फ साधु को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित सदर थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया गया है। इस मामले में कृष्णनंदन झा ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोपित पर जमीन के नाम पर रुपये लेने के बाद जमीन की रजिस्ट्री नहीं करने का आरोप लगाया था ।जानकारी के अनुसार, कृष्णनंदन झा ने सुशील कुमार उर्फ साधु से 12 डीसमिल जमीन का सौदा 39 लाख रुपये में तय किया था। इसके लिए उन्होंने चेक और नकद के माध्यम से रुपये दिए थे। इसके बावजूद उन्हें जमीन रजिस्ट्री नहीं किया। बार-बार रुपये मांगने पर आरोपित ने आठ जून 2018 को 39 लाख रुपये का चेक दिया, जो बाउंस हो गया। इसके बाद उन्होंने कोर्ट में चेक बाउंस का मुकदमा दायर किया। आवेदन में बताया गया कि कोर्ट की ओर से आरोपित के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को कई बार निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद गिरफ्तारी नहीं होने पर तीन जनवरी 2025 को कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया के लिए आदेश जारी किए जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर कृष्णनंदन झा ने तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक से भी शिकायत की थी ।जिसके बाद रविवार को इस मामले में आरोपित की गिरफ्तारी कर ली गई है।

मतदाता सूची की शुद्धता के लिए भाजपा पूर्वी ने की विशेष बैठक

विपक्ष के भ्रामक प्रचार का बूथ स्तर पर जवाब देने और जन-जागरण अभियान को प्रभावी बनाने का आह्वान

मुजफ्फरपुर। लोकतंत्र की मजबूती, मतदाता सूची की शुद्धता और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी की ओर से रविवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बिहार सरकार के मंत्री केदार गुप्ता ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलने वाले अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय सहयोग देना चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार सरकार की मंत्री रमा निषाद ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची से संबंधित सही जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और चुनाव आयोग एवं संवैधानिक संस्थाओं को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम के प्रति जनता को जागरूक करने का आह्वान किया।



प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने कहा कि कार्यकर्ताओं को विपक्ष के आरोपों और कथित भ्रामक प्रचार का तथ्यों के आधार पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने तथा बूथ स्तर पर जनसंपर्क और जन-जागरण अभियान को मजबूत बनाने की अपील की। बैठक में अभियान की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें मतदाता सूची की शुद्धता के प्रति लोगों को जागरूक करने, निर्धारित कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक पहुंचाने तथा चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं से संबंधित विषयों पर जनता के बीच तथ्यपरक जानकारी रखने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह के निधन उपरांत मौन रहकर और उनके चित्र पर पुष्पांजली कर उपस्थित सभी लोगो ने श्रद्धांजलि दी । बैठक की अध्यक्षता पूर्वी इकाई के जिला अध्यक्ष विवेक कुमार संचालन जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, प्रदेश मंत्री मनोज चौधरी, पश्चिमी जिला प्रभारी, दिनकर पंडित पूर्व एमएलसी, गीता कुमारी, जिला उपाध्यक्ष फेकू राम, अशोक झा एवं सुरेश कुमार, जिला महामंत्री मनोज तिवारी एवं रवि शंकर कुशवाहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे

बूढ़ी गंडक नदी में नहाने गये बालक की डूबने से मौत

मोतीपुर (आससे)। मोतीपुर थाना क्षेत्र के झींगहा गांव में रविवार को बूढ़ी गंडक नदी में नहाने गए छह वर्षीय एक बालक की डूबने से मौत हो गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से मृतक के शव को नदी से बाहर निकाला गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। मृतक की पहचान झिंगहा नाशी गांव के निवासी अरविंद सहनी के पुत्र आरुष कुमार के रूप में बताई गई है। जानकारी के अनुसार मृतक आरुष कुमार पड़ोस के अन्य बच्चों के साथ नदी में नहाने गया था। जहां वह गहरे पानी में चला गया। इस दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों को कोहराम मच गया। उसकी माता उजाला देवी का तोड़कर बुरा हाल हो गया था। घटना की खबर इलाके में मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई । मृतक तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था। उसके पिता अरविंद सहनी प्रदेश में मजदूरी का काम करता है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे पूर्व मुखिया पति सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र कुमार सहनी ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दिया और मृतक के आश्रितों को मुआवजे की राशि अविलंब देने की मांग प्रशासन से की। थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया है। अंचलाधिकारी तरुण कुमार ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

बालिका दिवस पर 250 बालिकाओं व अभिभावकों ने लिया भाग

शिक्षा और सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

भैरोगंज (संसू)। समग्र शिक्षण एवं विकास संस्थान द्वारा संचालित समग्र विकास परियोजना, बगहा-01 के तत्वावधान में शनिवार, 24 अक्टूबर को बालिका दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। साथ ही समाज में बालिकाओं के सम्मान और समान अवसरों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप



में बगहा विधायक राम सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा महिला थानाध्यक्ष रूबी कुमारी, जीविका बगहा-01 के प्रतिनिधि अमरेश कुमार, परसा-बंचहरी पंचायत की मुखिया मंजू देवी तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय नड्डा की प्रधान शिक्षिका सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में संस्थान के वरीय अधिकारियों, आजीविका उत्प्रेरक दीदियों, अनुदेशकों, अनुदेशिकाओं और बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह पर रोक लगाने, बाल श्रम को समाप्त करने तथा बालिकाओं के साथ होने वाले भेदभाव को दूर करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि बालिकाएं समाज और राष्ट्र का भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान के साथ आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वक्ताओं ने अभिभावकों से अपील की कि वे बालिकाओं की पढ़ाई को प्राथमिकता दें और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रोत्साहित करें। बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें अपने जीवन से जुड़े निर्णय लेने में सक्षम बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।